प्रकाशन-परिचय

Catalogue

कलियुगाब्द

5116

2014-'15 ईसवी



प्रकाशन-विभाग

अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना

Publications Department

Akhila Bhāratiya Itihāsa Saṅkalana Yojanā

अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना

राष्ट्रीय कार्यकारी समिति

मार्गदर्शक-मण्डल :

मा० हरिभाऊ चिन्तामणराव वझे (मुम्बई, महाराष्ट्र)
प्रो० शिवाजी सिंह (गोरखपुर, उत्तरप्रदेश)
प्रो० ठाकुर प्रसाद वर्मा (वाराणसी, उत्तरप्रदेश)
डॉ० चिन्तामणि नारायण परचुरे (पुणे, महाराष्ट्र)

●

अध्यक्ष :

प्रो० सतीश चन्द्र पित्तल (सहारनपुर, उत्तरप्रदेश)

●

उपाध्यक्ष :

प्रो० के०एन्० दीक्षित (नयी दिल्ली)
डॉ० देवी प्रसाद सिंह (वाराणसी, उत्तरप्रदेश)
डॉ० नारायण राव (खुर्दा, ओड़ीशा)
श्री एम०ए० नरसिंहन (मैसूर, कर्नाटक)

●

महासचिव :

डॉ० शरद हेबाळकर (अम्बाजोगाई, महाराष्ट्र)

●

सचिव :

प्रो० ईश्वरशरण विश्वकर्मा (गोरखपुर, उत्तरप्रदेश)
श्री रामप्रकाश शर्मा (शेर सिंह जी) (पञ्चकुला, हरियाणा)
प्रो० आनन्द मिश्र (ग्वालियर, मध्यप्रदेश)
श्री सुरेन्द्र हंस (नयी दिल्ली)

●

संगठन-सचिव :

मा० बालमुकुन्द पाण्डेय (नयी दिल्ली)

कोषाध्यक्ष :

श्री अमित खरखड़ी (नयी दिल्ली)

●

सह-कोषाध्यक्ष :

सी०ए० मुकेश शर्मा (नयी दिल्ली)

●

लेखक-प्रमुख :

श्री जानकी नारायण श्रीमाली (बीकानेर, राजस्थान)

●

विद्वत् परिषद् प्रमुख :

प्रो० एस०पी० बंसल (शिमला, हिमाचलप्रदेश)

●

महिला-प्रकोष्ठ संयोजिका :

श्रीमती अनुराधा राजहंस (हैदराबाद, आन्ध्रप्रदेश)

●

कार्यालय-सचिव :

डॉ० रत्नेश कुमार त्रिपाठी (नयी दिल्ली)

●

सदस्य :

डॉ० एस० कल्याणरमण (चेन्नई, तमिलनाडु)
डॉ० दामोदर झा (होशियारपुर, पंजाब)
श्री गिरीश भाई ठाकर (पालनपुर, गुजरात)
डॉ० महावीर प्रसाद जैन (उदयपुर, राजस्थान)
प्रो० रामदेव भारद्वाज (भोपाल)
प्रो० वाई० सुदर्शन राव (वारंगल, आंध्रप्रदेश)
प्रो० वैद्यनाथ लाभ (जम्मू)
श्रीमती अरुणा देशपाण्डे (कोल्हापुर, महाराष्ट्र)

॥ नामूलं लिख्यते किञ्चित् ॥

अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना

प्रधान कार्यालय : बाबा साहेब आपटे स्मृति भवन, 'केशव-कुञ्ज', देशबन्धु गुप्त मार्ग,
झण्डेवालान, नयी दिल्ली-110 055

एक परिचय

अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, इतिहास के क्षेत्र में कार्यरत विद्वज्जनों का एक राष्ट्रव्यापी संगठन है जो इतिहास, संस्कृति, परम्परा आदि के क्षेत्र में प्रामाणिक, तथ्यपरक तथा सर्वांगपूर्ण इतिहास-लेखन तथा प्रकाशन आदि की दिशा में कार्यरत है। देश एवं विदेशों में रह रहे इतिहास एवं पुरातत्त्व के विद्वान्, विश्वविद्यालयों में कार्यरत प्राध्यापक, अध्यापक, अनुसन्धान-केन्द्रों के संचालक, भूगोल, खगोल, भौतिकशास्त्रादि अनेक क्षेत्रों के विद्वान् तथा वैज्ञानिक एवं इतिहास में रुचि रखनेवाले विद्वान इस कार्य से जुड़े हुए हैं।

श्री बाबा साहेब आपटे

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रथम प्रचारक श्री उमाकान्त केशव (बाबा साहेब) आपटे (1903-1972) ने इतिहास में सम्यक् दृष्टि एवं सत्यापन के लिए बड़ा कार्य किया। उनके जीवनकाल में उनके विचारों को मूर्तरूप नहीं दिया जा सका। उनके देहान्त के बाद सन् 1973 में श्री मोरेश्वर नीळकण्ठ (मोरोपन्त) पिंगळे (1919-2003) जी की प्रेरणा से नागपुर में 'बाबा साहेब आपटे स्मारक समिति' की स्थापना हुई। प्रारम्भ में इस समिति ने दो कार्य अपने हाथ में लिए— 1. संसार की प्राचीनतम भाषा संस्कृत, जिसे संसार की समस्त भाषाओं की जननी भी कहा जाता है, का प्रचार-प्रसार एवं 2. भारतीय-इतिहास का पुनर्लेखन एवं इसके निमित्त सामग्री का संकलन।



श्री मोरोपन्त पिंगळे

प्रारम्भ में चार वर्षों तक इतिहास-पुनर्लेखन के कार्य के संबंध में देश के इतिहासकारों से विचार-विमर्श चलता रहा। अंततोगत्वा समिति के संस्थापक श्री पिंगळे जी के सतत प्रयत्नों और मार्गदर्शन में नागपुर में सन् 1978 एवं 1979 में देश के विभिन्न प्रान्तों के इतिहास के विद्वानों की दो बैठकों मे उपर्युक्त विषय के समस्त पक्षों पर विस्तृत चर्चाओं के पश्चात् सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इतिहास के पुनर्लेखन एवं सामग्री-संकलन का कार्य 'अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना' के नाम से किया जाये। तत्पश्चात् 1980 से यह कार्य विधिवत् प्रारम्भ हुआ। योजना का पंजीकरण 'अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना' के नाम से वैशाख शुक्ल पूर्णिमा, कलियुगाब्द 5096, तदनुसार दिनांक 24 मई, 1994

ई० को दिल्ली में हुआ। सन् 1995 में संस्कृत के प्रचार-प्रसार के कार्य को योजना से अलग करके 'संस्कृत भारती' को सौंप दिया गया। अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना का पंजीकरण दिल्ली में होने के कारण एवं दिल्ली के सर्वांगीण महत्त्व के कारण इसका मुख्यालय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय 'केशव कुञ्ज', झण्डेवालान में स्थापित किया गया। योजना का कार्य बढ़ने के साथ ही और अधिक स्थान की आवश्यकता हुई। अतएव केशव कुञ्ज-परिसर में ही 'बाबा साहेब आपटे स्मृति-भवन' का निर्माण कराया गया, जिसका लोकार्पण संघ के तत्कालीन सरसंघचालक परम पूज्य प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) के कर-कमलों से चैत्र शुक्ल पञ्चमी, शनिवार, कलियुगाब्द 5099, तदनुसार दिनांक 12 अप्रैल, 1997 को संपन्न हुआ। उसी दिन से योजना का राष्ट्रीय मुख्यालय बाबा साहेब आपटे स्मृति-भवन में स्थानांतरित हो गया और उसी दिन से योजना अपने अखिल भारतीय कार्य का संचालन इसी भवन से करने लगी।

योजना का उद्देश्य

अनेक क्षेत्र में अनुभव किया जाता रहा है कि भारतीय इतिहास-लेखन का जो कार्य अंग्रेज़ों के नेतृत्व में प्रारम्भ हुआ और वैज्ञानिक, वस्तुपरक शोध के नाम पर जिसे भारतीय-इतिहासकारों ने भी अपनाया, वह अनेक स्थलों पर पूर्वाग्रह से प्रेरित, तथ्यों के अज्ञान अथवा जान-बूझकर की गई उपेक्षा पर आधारित है जिसके कारण भारतीय-इतिहास में अनेक विसंगतियाँ एवं भ्रम उत्पन्न हो गए हैं। आर्य-द्रविड़ समस्या इसका एक ज्वलन्त उदाहरण है जिसे सुनियोजित तरीके से स्थापित किया गया था तथा इस पर इतनी चर्चा चलाई गई कि भारतीय-वाङ्मय के उद्भट विद्वान् भी इसे सत्य मानकर चलने लगे। इतिहास-लेखन में भारतीय-स्रोतों की अवहेलनाकर उसे तिरस्कृत किया गया। विदेशी-आक्रमण के युगों को उभारा गया। अन्धकार-युग की कल्पना, मुस्लिम-इतिहाकारों के दुराग्रह एवं दम्भपूर्ण उल्लेखों को ऐतिहासिक तथ्य की मान्यता, भारतीय-परम्पराओं एवं साहित्यिक स्रोतों की उपेक्षा आदि से भारत का इतिहास विकृत हुआ है। इतिहासकार के मन में किसी सर्वमान्य राष्ट्रीय आदर्श के अभाव तथा विभिन्न राजनीतिक वादों के प्रभाव ने राष्ट्रीय स्तर पर उसे वैचारिक अस्पष्टता से ग्रस्त कर दिया है।

उपर्युक्त विचारों की पृष्ठभूमि में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना का उद्देश्य है भारतीय-कालगणना के आधार पर सृष्टि-रचना के प्रारम्भ से लेकर वर्तमान समय तक के इतिहास का पुनर्संकलन। यह पुनर्संकलन सत्य, सही, निष्पक्ष तथ्यों पर आधारित, किसी भी प्रकार के पूर्वाग्रह से रहित, आधुनिक वैज्ञानिक-अनुसंधानों और नवीनतम पुरातात्त्विक खोजों के आधार पर होगा। इस प्रकार हमारे देश की सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, आर्थिक, राजनैतिक तथा जीवन के अन्य सभी पक्षों को दर्शाते हुए हमारे देश का वास्तविक सूत्रबद्धात्मक तथा व्यापक इतिहास तैयार किया जायेगा। योजना का ध्येय-वाक्य है– **'नामूलं लिख्यते किञ्चित्'**।

योजना के उद्देश्य के प्रमुख बिन्दु निम्नवत् हैं–

1. भारतीय इतिहास में विद्यमान विकृतियों को दूर करना,
2. जिन विकृतियों के आधार पर भारतीय-इतिहास की रचना की गई है, उन विकृतियों का खण्डन करके इतिहास की पुनर्रचना,
3. इस प्रकार की पुनर्रचना के लिए प्राच्यविद्या की विभिन्न विधाओं से संबंधित प्रकाशित-अप्रकाशित प्रामाणिक सामग्री का ज़िला तथा ग्राम-स्तर पर संकलन
4. महाभारत-काल से लेकर वर्तमान तक और भारतीय-कालगणना के आधार पर ज़िला-सह भारतीय-दृष्टिकोण से और

भारतीय-कालगणना के आधार पर इतिहास-लेखन की व्यवस्था करना,

5. एतदर्थ योग्य व्यक्तियों, संस्थाओं तथा संगठनों आदि से सम्पर्क स्थापित करते हुए उन्हें संगठित एवं प्रेरित करना,
6. भारतीय-संस्कृति, प्राच्यविद्या एवं पूर्वजों की विशिष्ट उपलब्धियों के प्रति सामान्य व्यक्ति के हृदय में आदर-अनुराग, अभिरुचि एवं चेतना उत्पन्न करने के लिए कार्यक्रम आयोजित करना तथा
7. भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व से संबंधित अनुसंधानों को प्रोत्साहित करने के लिए संगोष्ठियों, परिचर्चाओं एवं विशेष व्याख्यानों आदि का आयोजन करना।

योजना के अखिल भारतीय प्रकल्प

अपने उद्देश्यों के अनुरूप योजना ने सृष्टि-संरचना से लेकर वर्तमान काल तक भारतीय-कालगणना, वैज्ञानिक-अनुसंधानों तथा नवीनतम पुरातात्त्विक अन्वेषणों, उत्खननों एवं समसामयिक वैज्ञानिक-व्याख्यात्मक प्रतिमानों के आधार पर भारत के सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, आर्थिक, राजनैतिक इत्यादि विविध पक्षों को उद्घाटित करनेवाले इतिहास की पुनर्रचना का कार्य अपने हाथों में लिया है।

इसके साथ ही योजना ने वर्षों से सतत अभियान चलाकर भारतीय-इतिहास में व्याप्त अनेक भयंकर विसंगतियों और त्रुटियों की ओर विश्व का ध्यान आकृष्ट करने के साथ-साथ इतिहास के उन पृष्ठों को भी उद्घाटित करने का प्रयास किया है जो अबतक अज्ञात रहे थे या जिनके सामने आने में अनेक अवरोध उत्पन्न किए जा रहे थे। योजना से जुड़े विद्वान् इतिहासकारों द्वारा उद्घाटित तथ्य, सत्य की कसौटी पर कसे होने के कारण मील के पत्थर सिद्ध हुए हैं और योजना के वैज्ञानिक दृष्टिकोण के कारण इन्हें वैश्विक स्तर पर मान्यता मिली है। विगत दो दशक में भारतीय और विश्व-इतिहास से जुड़े अनेक भ्रामक तथ्यों से निराकरण में योजना को पर्याप्त सफलता प्राप्त हुई है और अनेक में योजना सफलता की ओर अग्रसर है। कुछ मौलिक अनुसंधान, जिसमें योजना ने सफलता प्राप्त की है और जो योजना के द्वारा वर्तमान में प्रकल्प के रूप में चल रहे हैं तथा जिनपर योजना ने पुस्तकें भी प्रकाशित की हैं, इस प्रकार हैं—

1. आर्य-आक्रमण सिद्धान्त का निराकरण,
2. पुराणांतर्गत इतिहास,
3. हिंदू-कालगणना की वैज्ञानिक और वैश्विक मान्यता,
4. महाभारत-युद्ध की तिथि 3139-'38 ई०पू०,
5. वैदिक सरस्वती नदी शोध-अभियान,
6. सेण्ड्रोकोट्टस बनाम चन्द्रगुप्त मौर्य,
7. भगवान् बुद्ध की तिथि 1887-1807 ई०पू०,
8. जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य की तिथि 509-477 ई०पू०,
9. प्राचीन नगरों का युगयुगीन इतिहास,
10. तीर्थ-क्षेत्रों का इतिहास-लेखन,
11. 1857 के स्वातन्त्र्य महासमर पर प्रामाणिक इतिहास-लेखन,
12. जनजातीय इतिहास-लेखन,
13. भारतीय-संस्कृति का विश्व-सञ्चार इत्यादि

विश्व की कालयात्रा :
कालपुरुष-इतिहासपुरुष (सचित्र)

डॉ० वासुदेव पोद्दार

प्राचीन भारतीय ऋषियों का विज्ञानदर्शन 'विश्व की कालयात्रा' नामक ग्रन्थ में अपने साकार रूप में व्याख्यायित हुआ है। भारतीय ऋषियों का काल-संबंधी विराट् चिन्तन इस ग्रन्थ में आधुनिक विज्ञान के समक्ष तुलनात्मक धरातल पर अपने सैद्धान्तिक पार्थक्य और साम्य के साथ प्रस्तुत हुआ है। इस ग्रन्थ के अध्ययन से लगता है आज का विज्ञान बड़ी शीघ्रता के साथ ऋषिप्रज्ञा के निकट पहुँचता जा रहा है। विज्ञान की दृष्टि सर्वदा मुक्त-स्वतन्त्र एवं दुराग्रह से परे सत्यान्वेषिणी है, अतः सम्भावना यह भी है कि वह ऋषिप्रज्ञा से अनुप्राणित होता हुआ निकट भविष्य में भारत के कालजयी चिन्तन को शत-प्रतिशत आत्मसात कर ले। क्योंकि भारतीय ग्रन्थों में वर्णित आकाशगंगा, सूर्य, पृथिवी आदि का जो काल संख्यात्मक निर्देश के साथ प्रस्तुत हुआ है, वह आधुनिक विज्ञान द्वारा प्राप्त कालमान के बहुत सन्निकट ही नहीं, अपितु यथार्थ भी है। विभिन्न विषयों के तुलनात्मक सन्दर्भ के साथ सारे सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया गया है। इसके साथ ही विज्ञान के अनेक आनुषंगिक विषय, यथा– जैवद्रव्य का स्वरूप और विकास, ब्रह्माण्डीय द्रव्य के विकास का संरचनात्मक स्वरूप, बिग बैंग, स्टेडी स्टेट युनिवर्स, ओसिलेटिंग युनिवर्स, पल्सेटिंग युनिवर्स आदि अनेक सिद्धान्तों को इस ग्रन्थ में भली-भाँति स्पष्ट किया गया है।

पृष्ठ-आकार	:	8.5" x 5.5"
संस्करण	:	प्रथम, कलियुगाब्द 5102 (2000 ई०)
कुल पृष्ठ	:	385



History of Creation

by Dr. Ravindra Nath

To establish the approximate time of the creation of Universe, the book go through Vedas, Upaniṣad, Purāṇas, Brāhmaṇas & lores. The study start for complete darkness to human society covering golden germ theory, concept of time, notion of *Māyā*, *Kalpa*, *Sriṣti* (creation) & *Laya* (dissolution). The historical footprints of divine and arranged process of creation of Universe, Nature, Living things, mankind are available in Purāṇas. With the evidences of Purāṇic literature the book clear the concept of creation.

Size	:	8.5" x 5.5"
Edition	:	First, Kaliyugābda 5102 (2000 C.E.)
No. of pages	:	viii + 94 pp.

सृष्टि का इतिहास

डॉ० दामोदर झा

इस पुस्तक में वेद, पुराण, धर्मशास्त्र, शिलालेख तथा संस्कृत के ऐतिहासिक ग्रन्थों के आधार पर सृष्टि के इतिहास का विवेचन किया गया है। कालक्रम के लिए गणित ज्योतिष के वैज्ञानिक आधार लिया गया है। इस प्रकार सृष्टि के आरम्भ से अबतक अरबों वर्ष के इतिहास को कालगणना के साथ संक्षिप्त रूप में वर्णित किया गया है। हिंदू-धर्मग्रन्थों में प्रतिपादित सृष्टि के इतिहास को जानने के लिए यह पुस्तक नितान्त उपादेय है।

पृष्ठ-आकार	:	8.5" x 5.5"
संस्करण	:	प्रथम, कलियुगाब्द 5108 (विजयदशमी, 2006 ई०)
कुल पृष्ठ	:	151

आर्यवर्त का प्राचीन इतिहास

मूल लेखक : ठाकुर नगीनाराम परमार

हिंदी-अनुवाद : ठाकुर रामसिंह

संपादक : डॉ० रविप्रकाश आर्य

इस ग्रन्थ में सृष्टि के आरम्भ से कलियुग की 51वीं शती तक के भारत के विभिन्न साम्राज्यों और रियासतों का संक्षिप्त इतिहास तथा उनकी वंशावलियाँ हैं।

पृष्ठ-आकार	:	8.5" x 5.5"
संस्करण	:	प्रथम, कलियुगाब्द 5106 (2004 ई०)
कुल पृष्ठ	:	537

भारतीय कालगणना का वैज्ञानिक एवं वैश्विक स्वरूप (सचित्र)

डॉ० रविप्रकाश आर्य

प्राक्कथन : भा० भोरोपन्त पिंगळे

विश्व के विभिन्न प्राचीन संवतों का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि भारतीय (हिंदू) कालगणना, जिसका वर्तमान समय (श्वेतवाराह कल्प) 1,97,29,49,116 वर्ष परिगणित किया गया है, सर्वाधिक प्राचीन है। प्राचीन ऋषियों ने काल की स्थूल गणना को तो सुरक्षित रखा ही, साथ ही इस गणना के आधारभूत सिद्धान्तों का प्रतिपादन भी साथ-साथ किया। इस पुस्तक में वेद, वेदांग, पुराणों एवं स्मृतियों में प्रतिपादित कालगणना के वैज्ञानिक एवं सार्वभौम स्वरूप का विश्लेषण किया गया है। साथ ही भारतीय कालगणना के परिप्रेक्ष्य में भारतीय एवं विश्व-इतिहास का आकलन किया गया है।

पृष्ठ-आकार	:	8.5" x 5.5"
संस्करण	:	प्रथम, कलियुगाब्द 5099 (1997 ई०)
कुल पृष्ठ	:	viii + 105

भारतीय इतिहासशास्त्र एवं कालक्रम

डॉ० वासुदेव पोद्दार

यह पुस्तिका भारतीय इतिहासशास्त्र की विशेषता एवं भारतीय कालक्रम पर सुप्रसिद्ध विद्वान् डॉ० वासुदेव पोद्दार का एक निबन्ध है। इसमें प्राचीन भारतीय इतिहास की विवेच्य सामग्री, भारत और पश्चिम की इतिहास-परम्परा, भारतीय इतिहासशास्त्र की विशेषता तथा भारतीय इतिहासशास्त्र और कालक्रम पर प्रकाश डाला गया है।

पृष्ठ-आकार	:	8.5" x 5.5"
संस्करण	:	प्रथम, कलियुगाब्द 5101 (2000 ई०)
कुल पृष्ठ	:	23

52वीं शताब्दी में प्रवेश

डॉ० रविप्रकाश आर्य

यह पुस्तक डॉ० रविप्रकाश आर्य की 'भारतीय कालगणना का वैज्ञानिक एवं वैश्विक स्वरूप' शीर्षक पुस्तक का संक्षिप्त संस्करण है। इसमें कालगणना पर संक्षेप में प्रकाश डाला गया है।

पृष्ठ-आकार	:	8.5" x 5.5"
कुल पृष्ठ	:	16

Stepping into 52nd Century

by Dr. Ravi Prakash Arya

This book is concise edition of the *'Bhāratīya Kālagaṇanā kā Vaijñanika evam Vaiśvika Svarūpa'* written by Dr. Ravi Prakash Arya. This focuses the concept of Chronology.

Size	:	8.5" x 5.5"
No. of pages	:	16 pp.



Vedic Culture and its Continuity : New Paradigm and Dimension (Lecture)

by Dr. Shivaji Singh

This book attack the vague concept of Aryan invasion, Aryan migration and establish Vedic & Harappan culture resemblance. The historical journey of civilization final root in Vedas. Concern ideas of Vedic age and their importance in the light of new archæological discoveries discussed by Dr. Shivaji Singh in this great address keynote.

Size : 8.5" x 5.5"
No. of pages : 96 pp.

Discovery of Sources of Vedic Saraswati in the Himalayas (Illustrated)

by V.M.K. Puri

This book portray geographical & geological picture of Vedic river Sarasvatī . There is a discussion about source, drainage system and migration of river in Himalaya region. A comparative study of ancient Sarasvatī in present context and its connecting rivers denotes through maps.

Size : 8.5" x 5.5"
Edition : First, Kaliyugābda 5102 (2000 C.E.)
No. of pages : 52 pp.

वैदिक सरस्वती नदी शोध अभियान

(सचित्र)

सपादक : पद्मश्री डॉ० विष्णु श्रीधर वाकणकर

वेदों, भारतीय धर्मशास्त्रों और पुराणों में वर्णित विशाल एवं पवित्र सरस्वती नदी को ससार के सभी प्रतिष्ठित विद्वान् स्वीकार करते हैं इसी पवित्र सरस्वती नदी के तट पर मत्रद्रष्टा ऋषियों ने वेदमत्रों का साक्षात्कार किया था। महाभारत काल (3139 ई०पू०) में यह नदी सूखने लगी थी और कालान्तर में यह नदी अत सलिला हो गयी। अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना ने मा० मोरोपन्त पिंगळे (1919-2003) एव पद्मश्री डॉ० विष्णु श्रीधर वाकणकर (1919-1988) के नेतृत्व में दिनांक 17 नवम्बर, 1985 से 19 दिसम्बर, 1985 के मध्य इस अत सलिला सरस्वती नदी का व्यापक सर्वेक्षण किया। यह सर्वेक्षण 'वैदिक सरस्वती नदी शोध अभियान' नामक पकल्प के अंतर्गत किया गया है। सर्वेक्षण में राष्ट्रीय-अतर्राष्ट्रीय ख्याति के 16 विद्वान् थे। सरस्वती के उद्गम स्थल आदिबद्री से सामनाथ तक लगभग 4 हज़ार किमी की दूरी का सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण के दौरान महत्त्वपूर्ण पुरातात्त्विक सामग्री एकत्र की गयी। सर्वेक्षण की वीडियो फिल्म भी तैयार की गयी इस पुस्तक में इसी सर्वेक्षण का यात्रा वृत्तात और सर्वेक्षण में सहभागी विद्वानों के सरस्वती नदी पर आधारित शोध-निबन्धों का संकलन है, जिनका संपादन डॉ० वाकणकर ने किया है।

पृष्ठ-आकार	:	8.5" x 5.5"
सस्करण	:	प्रथम, कलियुगाब्द 5112 (2010 ई०)
कुल पृष्ठ	:	iii + 109
आई०एस०बी०एन०	:	978-81-907895-2-3



मनु का दण्ड-विधान

लेखक : डॉ० हर्षवर्धन सिंह तोमर

संपादक : अभिषेक कुमार मिश्र

भूमिका : मा० बालमुकुन्द पाण्डेय

इस पुस्तक में मनुस्मृति में वर्णित नियम विधानों का वस्तुपरक इतिहासम्मत विश्लेषण किया गया है। साथ ही वैचारिक वैविध्य के वर्तमान समय में उन वैदिक परम्पराओं व मान्यताओं का सूक्ष्म विश्लेषण किया गया है जिसकी समसामयिक परिवेश में महती आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त वर्तमान विधिक व्यवस्थाओं के दोषों के निराकरण और तदनुरूप मनुस्मृति में सर्वप्रथम वर्णित हुए अपराध व दण्ड-विधान का वर्तमान न्यायिक दण्ड-विधान के आधार-स्तम्भ के रूप में अध्ययन किया गया है। मनुस्मृति में वर्णित अपराध व दण्ड-विधान के विविध पक्षों, जैसे– नारीविरोधी वचन, शूद्रविरोधी वचन कठोर दण्ड-विधान की विज्ञानसम्मत तार्किक गवेषणा की गई है

इसके साथ ही इस ग्रन्थ में मनु और *मनुस्मृति* से संबंधित विवादों, प्रश्नों पर पक्षपातरहित नवीन दृष्टिकोण से सप्रमाण और युक्तियुक्त विवेचन किया गया है। इस प्रकार यह ग्रन्थ न केवल विधि के विद्यार्थियों और विद्वानों के लिए, अपितु राजनीति, समाजशास्त्र और इतिहास के विद्यार्थियों के लिए भी लाभकारी है, विशेषकर उनके लिए जिन्हें संस्कृत भाषा का पर्याप्त ज्ञान नहीं है

पृष्ठ आकार	8.5 x 5.5"
संस्करण	प्रथम, कलियुगाब्द 5116 (2014 ई०)
कुल पृष्ठ	xxxiii + 294
आई०एस०बी०एन०	978-81-907895-4-7



महाभारत युद्ध : कालनिर्णय समस्या

श्रीराम साठे

महाभारत युद्ध विश्व-महत्त्व की एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक घटना है। यह युद्ध कब घटित हुआ इस प्रश्न का उत्तर ढूँढ़ लेने पर भारतीय इतिहास की काल-संबंधी बहुत-सी गुत्थियाँ सुलझ सकती हैं। वस्तुत: महाभारत-युद्ध की घटना भारतीय इतिहास का काल-निर्धारण करने का एक महत्त्वपूर्ण प्रस्थान-बिन्दु है जहाँ से मगध के राजवंशों की सुनिश्चित राजवंशावलियाँ प्राप्त हो जाती हैं।

अंग्रेज़ों द्वारा भारत के इतिहास के पुनर्लेखन के लिए लन्दन में 'रॉयल एशियाटिक सोसाइटी ऑफ़ ग्रेट ब्रिटेन' और कलकत्ता में 'एशियाटिक सोसाइटी ऑफ़ बंगाल' की स्थापना की गई थी। इस सोसाइटी के इतिहासकार महाभारत-युद्ध की ऐतिहासिकता को अमान्य करके रोमन और यूनानी-अभिलेखों में भारतीय इतिहास का प्रस्थान-बिन्दु खोजने का प्रयत्न करने लगे। इस प्रयास के दौरान उन्हें सिकन्दर के भारत पर आक्रमण करने की तिथि 327 ई०पू० यूनानी-अभिलेखों से मिली। तब उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि केवल यही तिथि ठीक है और भारत का इतिहास इसी तिथि को मानकर लिखा जा सकता है। इस प्रकार उन्होंने एकपक्षीय घोषणा कर दी कि भारतीय-कालक्रम का आधार-बिन्दु यही तिथि है। तत्कालीन अंग्रेज़ शासकों ने इस तिथि को सरकारी तौर पर स्वीकार कर लिया। बाद में इसी तिथि को आधार मानकर मौर्य, गुप्तादि राजाओं व गौतम बुद्ध, आद्य शंकराचार्य इत्यादि का मनगढ़न्त काल-निर्धारण भी कर लिया गया जिससे भारतीय इतिहास में लगभग 1,300 वर्ष गायब हो गये।

योजना के शीर्ष इतिहासकार श्रीराम साठे ने सन् 1983 में सच फॉर द इयर ऑफ़ भारत वार' नामक एक ग्रन्थ की रचना की थी। प्रस्तुत पुस्तक उसी का हिंदी भाषांतर है। इसमें विद्वान् लेखक ने राष्ट्रीय स्तर पर विद्वानों की सहमति प्राप्त करके महाभारत युद्ध और भगवान् श्रीकृष्ण की ऐतिहासिकता सुनिश्चित करते हुए युद्ध की तिथि 3139-'38 ई०पू० निश्चित की है।

पृष्ठ आकार		8.5" x 5.5"
संस्करण	:	कलियुगाब्द 5512 (2010 ई०)
कुल पृष्ठ		v + 153
आइ०एस०बी०एन०	:	978-81-907895-1-6

कृण्वन्तो विश्वमार्यम्



(भारतीय संस्कृति के विश्व सञ्चार की रोमाञ्चकारी गाथा) (सचित्र)

डॉ० शरद हेबाळकर

भूमिका : पूज्य स्वामी गोविन्ददेव गिरि जी महाराज
(आचार्य किशोरजी व्यास)

द्वितीय संस्करण

प्रथम संस्करण

इस ग्रन्थ में विश्व के विभिन्न देशों में व्याप्त हिंदू संस्कृति के सांस्कृतिक एवं राजनैतिक विस्तार के चिह्नों का ऐतिहासिक दृष्टि से विवेचन-विश्लेषण किया गया है। हमारे पूर्वजों ने **'कृण्वन्तो विश्वमार्यम्'** (ऋग्वेद 9.63.5), अर्थात् हम सारे विश्व को आर्य बनाएँगे' का उद्घोष करते हुए पूरे विश्व को भारतीय ज्ञान-विज्ञान एवं संस्कृति की ज्योति से आलोकित किया। इस विश्व-अभियान की रोमाञ्चकारी गाथा इस ग्रन्थ में वर्णित है।

इस ग्रन्थ से केवल अपनी सांस्कृतिक महत्ता ही अनुभव नहीं होती अपितु अन्य अनेक देशों के पूर्वेतिहास, उनका परिवर्तन आदि की भी जानकारी प्राप्त होती है। विभिन्न देशों का भारतीय संस्कृति से जो तादात्म्य है, उसका भी सुन्दर विवेचन इस ग्रन्थ में किया गया है। इन देशों की विशेषताएँ, स्थल-वर्णन, प्रचलित नामों का इतिहास, प्रसिद्ध व्यक्तित्व आदि लगभग प्रत्येक पहलू पर विस्तार से प्रकाश डाला गया है। ग्रन्थ अनेकानेक चित्रों से सुसज्जित है। कुल मिलाकर 'बृहत्तर भारत' (अखण्ड भारत) के सन्दर्भ में जानने के लिए यह एक आधिकारिक ग्रन्थ है।

पृष्ठ-आकार	:	8.5" x 5.5"
संस्करण	:	द्वितीय, कलियुगाब्द 5112 (2010 ई०)
कुल पृष्ठ	:	322
आइ०एस०बी०एन०	:	978-81-907895-3-0

Kṛṇvanto Viśvamaryam

The Inspiration story of dissemination of Bharatiya culture around the world

by Dr. Sharad Hebalkar
Translated by Prof. Mahavir Prasad Jain
Forwarded by Pujya Swami Govind Dev giri ji Maharaj (Acharya Kishorji Vyas)

The book throws light on brilliant saga of diffusion of Bhāratiya culture, language, religion, philosophy, system of medicine, art and architecture etc in distant parts of world. It gives a graphic description of ancestors of Bharatiya people venturing abroad across the high seas and through land routes with the motto of '**Kṛṇvanto Visvamāryam'** (*Rgveda* 9.63.5) i.e. raising the peoples of the world morally and reaching out to distant lands of the planet earth.

This treatise enlightens the readers about the life of peoples of various parts of the world before they came in contact with Bharatiya people and the change brought about by their coming in contact with Bharatiya culture and ethos. Pictures of various archaeological sites and *Prasastis* found in southeastern countries given in the treatise convinces the readers of the contention of author.

The Hindi work was well received by the readers. It has been published twice in Hindi. It was long felt that an English translation of the work should be brought out. This is the English rendering assiduously done by Shri Appa Sahib Vajran and Prof. Mahavir Prasad Jain. It contains a lot of additional material and for this reason it may well be regarded as good as an original work.

Size : 8.5" x 5.5 *In Press*

अविस्मरणीय विजयनगर साम्राज्य एवं महाराजा कृष्णदेवराय

डॉ० सतीश चन्द्र मित्तल

दक्षिण भारत में माधवाचार्य विद्यारण्य (1296-1386 के आशीर्वाद से हरिहर प्रथम (1336-1356 एवं बुक्काराय प्रथम (1356-1377) द्वारा स्थापित विजयनगर साम्राज्य का उद्भव, उत्थान और पतन भारतीय इतिहास की एक रहस्यमयी पहेली है। भारतीय इतिहास के इस महान् केन्द्र का इतिहास क्रमबद्ध न होने के कारण अनेक विवादों से घिरा है उदाहरणतः सन् 1449-1509 के अगले साठ वर्षों तक देवराय द्वितीय (1424-1446, के पश्चात् और सन् 1516-1520 के बीच के काल के बारे में इतिहास में बहुत कम जानकारी उपलब्ध है।

इस पुस्तक में विजयनगर साम्राज्य के इतिहास के बारे में अधिकाधिक सन्दर्भों के आधार पर प्रामाणिक जानकारी जुटाई गई है, साथ ही, विजयनगर के लगभग तीन दर्जन सम्राटों में सर्वाधिक प्रतापी और लोकप्रिय सम्राट् कृष्णदेवराय (1509-1530, के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया है।

पृष्ठ आकार	:	8.5" x 5.5"
संस्करण	:	प्रथम, जून, 2009 ई०
कुल पृष्ठ	:	104



Italian traveler **Niccolò de' Conti** (1395–1469) wrote of him as the most powerful ruler of India.'

Columbia Chronologies of Asian History and Culture by John Stewart Bowman p 271 Published by Columbia University Press New York, 2013, ISBN 0-231-11004-9.



राष्ट्रीय चैतन्य के प्रकाश में भारत में राष्ट्रीयता का स्वरूप : प्रारम्भ से मुस्लिम-काल तक

डॉ० सतीश चन्द्र मित्तल

इस ग्रन्थ में वेदकाल से लेकर मुगलों के शासन (1506-1707) में भारतीय राष्ट्रीयता अथवा राष्ट्रवाद की संकल्पना, राष्ट्रवाद की भारतीय अवधारणा वैशिष्ट्य के साथ इसके क्रमिक विकास का संक्षेप में विश्लेषण किया गया है। मातृभूमि के प्रति अटूट प्रेम तथा सांस्कृतिक जीवन मूल्यों के विभिन्न तत्त्वों के संक्षिप्त वर्णन के साथ इसके सन्दर्भ में पाश्चात्य भ्रान्तियों को भी स्पष्ट किया गया है इसके साथ ही समय-समय पर वैदेशिक आक्रमणों के साथ इसकी अस्मिता की रक्षा के लिए किए गए प्रयासों की चर्चा की गई है।

पृष्ठ-आकार	:	8.5" x 5.5"
संस्करण	:	प्रथम, कलियुाब्द 5115 (2013 ई०)
कुल पृष्ठ	:	xii + 184
आई०एस०बी०एन०	:	978-93-82424-05-5

भद्रमिच्छन्त ऋषयः स्वर्विदस्तपो दीक्षामुपनिषेदुरग्रे ।
ततो राष्ट्रं बलमोजश्च जातं तदस्मै देवा उपसंनमन्तु ॥

–अथर्ववेद, १९.४१.१

अर्थात्, प्रकाशमय ज्ञानवाले ऋषियों ने सृष्टि के आरम्भ में लोककल्याण की इच्छा रखते हुए दीक्षापूर्वक तप किया। उससे राष्ट्र, बल और ओज की उत्पत्ति हुई। इस (राष्ट्र) के लिए देवगण उस (तप और दीक्षा) को अवतीर्णकर (राष्ट्रिकों में) संस्थित करें अथवा, प्रबुद्धजन इस राष्ट्र-देवता की उपासना करें।

राष्ट्रीय चैतन्य के प्रकाश में भारत का स्वाधीनता संघर्ष

डॉ० सतीश चन्द्र मित्तल

इस ग्रन्थ में भारतीय स्वाधीनता के महान् संघर्ष में, राष्ट्रीय चैतन्य के प्रकाश में सुदृढ़ तथा स्वस्थ परम्परा पर आधारित सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, भारतीय संस्कृति धर्म तथा देशभक्ति पर नियोजित क्रान्तिकारी राष्ट्रवाद तथा इण्डियन नेशनल काँग्रेस के भ्रामक राजनैतिक राष्ट्रवाद, मुसलमानों के मजहबी जुनून पर आधारित मुस्लिम राज की स्थापना तथा भारतीय कम्युनिष्टों के आर्थिक नकारात्मक राष्ट्रवाद का विश्लेषणात्मक विवेचन किया गया है।

पृष्ठ-आकार	:	8.5" x 5.5"
संस्करण	:	प्रथम, कलियाब्द 5114 (2012 ई०)
कुल पृष्ठ	:	397
आई०एस०बी०एन०	:	978-93-82424-00-0

"This Hindu nation was born with the Sanatan Dharma, with it it moves and with it it grows. When the Sanatan Dharma declines, then the nation declines, and if the Sanatan Dharma were capable of perishing, with the Sanatan Dharma it would perish. The Sanatan Dharma, that is nationalism."

—Sri Aurobindo (1872-1950)



Delivered at Uttarpara, Bengal, on 30 May 1909. Text published in the *Bengalee* an English language newspaper of Calcutta, on 1st June, thoroughly revised by Sri Aurobindo and republished in the *Karmayogin* on 19 and 26 June

www.itihasankalan.org



ब्रिटिश इतिहासकार तथा भारत

डॉ० सतीश चन्द्र मित्तल

इस पुस्तक में ईस्ट इण्डिया कम्पनी कालीन कुछ प्रतिनिधि ब्रिटिश इतिहासकारों, यथा– सर विलियम जोन्स, चार्ल्स विल्किन्स हेनरी थॉमस कॉलब्रुक, सर जॉन शोर, होरेस हेमन विल्सन, जेम्स मिल, थॉमस बैबिंगटन मैकॉले, चार्ल्स ग्राण्ट, विलियम विल्बरफोर्स, एलीफिन्स्टन, सर जॉन मेलकम कालोनल जेम्स टॉड, ग्राण्ट डफ, कनिंघम सर जे० डब्ल्यू० कयी, जॉर्ज ब्रुश, मैलीशन इत्यादि के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनकी कृतियों का विवेचन और विश्लेषण किया गया है

पृष्ठ आकार		8.5" x 5.5"
संस्करण	:	प्रथम, 2010
कुल पृष्ठ	:	260
आई०एस०बी०एन०	:	978-81-907895-4-7

काँग्रेस : अंग्रेज़ भक्ति से राजसत्ता तक

डॉ० सतीश चन्द्र मित्तल

इस पुस्तक मे एक ब्रिटिश अधिकारी एलेन ऑक्टेवियन ह्यूम (1824-1912) द्वारा स्थापित इण्डियन नेशनल काँग्रेस की अंग्रेज परस्ती और उसके फलस्वरूप राजसत्ताप्राप्ति की पैनी समालोचना की गई है। साथ ही, काँग्रेस के बदलते संविधान, बदलते उद्देश्यों तथा राष्ट्रवाद या भारत राष्ट्र के बारे में उसकी भ्रामक सोच का विश्लेषण किया गया है।

पृष्ठ-आकार	:	8.5" x 5.5"
सस्करण	:	2011
कुल पृष्ठ	:	vii + 167
आई०एस०बी०एन०	:	978-81-907895-6-1

स्वामी विवेकानन्द की इतिहास दृष्टि

लेखक : डॉ० सतीश चन्द्र मित्तल

भूमिका : मा० बालमुकुन्द पाण्डेय

यह पुस्तक भारतीय एवं विश्व इतिहास के सन्दर्भ में युगद्रष्टा स्वामी विवेकानन्द के मौलिक विचारों पर एक शोध-निबन्ध है। स्वामी विवेकानन्द यद्यपि कोई व्यावसायिक इतिहासकार न थे, तथापि उनका समकालीन परिस्थितियों का तथा गौरवमय इतिहास का विश्लेषण जहाँ एक ओर ब्रिटिश इतिहासकारों के मनगढ़न्त तथा भ्रामक प्रश्नों तथा प्रचार का तर्कसंगत व प्रामाणिक उत्तर प्रस्तुत करता है, वहीं भारतीय इतिहासकारों को दिशाबोध भी कराता है।

पृष्ठ आकार		8.5" x 5.5"
संस्करण	:	द्वितीय, 2012
कुल पृष्ठ	:	200, 8"x7"
आई०एस०बी०एन०	:	978-93-82424-02-4

विवेकानन्द, सुकर्ण और इण्डोनेशियाई राष्ट्र निर्माण

लेखक : डॉ० रामदेव भारद्वाज

भूमिका : डॉ० सतीश चन्द्र मित्तल

इस पुस्तक में इण्डोनेशियाई राष्ट्र निर्माण में उसके प्रथम राष्ट्रपति सुकर्ण (1915-1967) की भूमिका एवं उनपर भारतीय चिन्तकों, विशेषकर स्वामी विवेकानन्द के व्यक्तित्व और चिन्तन के प्रभावों की समीक्षा की गई है। साथ ही इण्डोनेशियाई राष्ट्र का दार्शनिक आधार– पञ्चसिला-राष्ट्रवाद, मानवतावाद, प्रजातन्त्र, सामाजिक न्याय और ईश्वर में विश्वास पर स्वामी विवेकानन्द के प्रभावों का मूल्यांकन किया गया है।

पृष्ठ-आकार	:	8.5" x 5.5"
संस्करण	:	प्रथम, कलियुगाब्द 5115, 2013 ई०
कुल पृष्ठ	:	xii + 34
आई०एस०बी०एन०	:	978-93-82424-07-9

हिंदुत्व से प्रेरित विदेशी महिलाएँ (सचित्र)

डॉ० सतीश चन्द्र मित्तल

